"JUNOON"-The passion for making a difference

# जुनून

Spreading positive vibes in the mind



"रचनात्मक कार्य से सकारात्मक विचार पैदा होते है ।" – मुन्ना कुमार

**HAPPY 12TH ANNIVERSARY OF KHWAB FOUNDATION**

CELEBRATING 12TH ANNIVERSARY
www.khwabfoundation.org

Published by
KHWAB FOUNDATION,INDIA
www.khwabfoundation.org

# Index


03
संपादकीय

04
Founder's Note
अंतिम-जन के शिक्षा हेतु आवाज कौन उठाएगा?

05 -16
सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

17
Happy School

18
Happy Club की शुरुआत कैसे करें

19
आपकी बारी

20
कष्टमेव जयते -
सपने मरने नहीं दें, हर एक कष्ट आपके सपनों को पाने हेतु मजबूत करता है।

21
कलामवाद-
खुश या दु:खी रहना, खुद के हाथ

22
अपील

23-24
इतिहास के पन्नों में

25
मिडिया के नज़र में


CELEBRATING 12TH ANNIVERSARY
www.khwabfoundation.org



# Editor-In-Chief

## वर्तमान समय में विश्व के युवाओं के लिए महात्मा गांधी की प्रासंगिकता



मुख्य संपादक
------------
**डा. बिनोद कुमार सिंह**
**प्रधानाध्यापक,**
UMS सिरहा मुसहर टोली
प्रखण्ड-पकड़ीदयाल, पूर्वी चंपारण,बिहार

वस्तुत: युवा पीढ़ी समाज – देश और विश्व के भविष्य–निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और उसकी भूमिका इस बात पर निर्भर करती है कि उसने किसके व्यक्तित्व से कितना सीखा है, कितना जीवन में उतारा है और कितना वह लोगों के लिए प्रेरणा का श्रोत बनने में अपने को प्रस्तुत रखा है।

जिनसे कुछ सीखा जा सके, अपने जीवन में उतारा जा सके और उससे आगे आने वाली संतति को भी लाभ पहुंचाया जा सके ऐसे ही व्यक्तित्व के धनि महात्मा गांधी (मोहन दास करमचन्द गांधी) हैं जिनके जीवन के अनुभवजन्य अनमोल विचार आज भी प्रासंगिक हैं।इनके एक–एक विचार अनमोल हीरे जैसे हैं जिसकी चमक कभी फीकी पड़ने वाली नहीं हैं। बल्कि एक विचार लाखों लोगों की जिंदगी संवारने की प्रबल क्षमता रखता है।

उदाहरण के लिए गांधी जी का एक विचार-

**"सदा सत्य बोलो, हिंसा मत करो।"**

इस दो वाक्यों में जीवन का सम्पूर्ण सार सन्निहित है। समाज, देश, और विश्व की युवा पीढ़ी यदि इन वाक्यों पर अमल करे इसे जीवन में उतारे तो सभी के व्यवहार एवं आचरण में पवित्रता झलकने लगेगी। सत्य के समान दूसरा कोई तप नहीं है। सत्य बोलने वाला आदमी कभी डरता नहीं है। वह न तो संसार के किसी भी व्यक्ति से डरता है और न ही वह परमात्मा से भी डरता है। चुकि उसे ज्ञात होता है कि वह सही बोल रहा है ।

दूसरा है – **" हिंसा मत करो। "** – हिंसा कहीं से मानव के लिए अच्छी बात नहीं है। **अहिंसा परमो धर्मः**– कहा गया है । जीवों पर दया करनी चाहिए। दया धर्म का मूल है और **"धार्यते इति धर्म:"–** जिसे धारण किया जाए, अपने आचरण में उतारा जाए उसे धर्म कहते हैं।

**जो गल काटे और का**
**अपना लिया कटाय।**
**साईं के दरबार में**
**बदला कभी न जाए।।**

जब अवतारी शक्तियां बदले से नहीं बची तो और कौन हैं जो बदले से बच जायें।

इसलिए सत्य और अहिंसा को ही केवल जीवन में उतारा जाए तो जीवन सुंदर एवं सफल बन जायेगा।

स्थाली पुलाकन्यायेन एक वचन – "धीरे ही सही लेकिन हमेशा चलते रहना चाहिए क्योंकि एक समय के बाद ठहरा हुआ पानी भी सड़ने लगता है।" जीवन में गतिशीलता रहनी चाहिए।


**चलना ही केवल चलना है,**
**जीवन चलता ही रहता है।**
**रुक जाना ही मर जाना है,**
**निर्झर यह झर कर कहता है।।**

जो पानी धारा में बहता हुआ सर्वदा गतिशील रहता है वो स्वच्छ रहता है लेकिन जो धारा से अलग हो एक गढ्ढे में रुक जाता है उसमें गंदगी आ जाती है।

महात्मा गांधी के एक दो वचन को ही जीवन में अमल करने से युवाओं का जीवन सुंदर बन सकता है और वो सबके लिए अनुकरणीय होगा तथा एक सुंदर समाज, देश एवं विश्व का निर्माण हो सकेगा । इसलिए महात्मा गांधी के वचन सार्वदेशिक एवं सार्वकालिक तथा युवाओं के लिए सर्वदा अनुकरणीय हैं।




# Founder's Notes



**चेयरमैन, ख़्वाब फाउन्डेशन**
मुन्ना कुमार[लेखक, लेक्चरर]
अंतर्राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर

## अंतिम-जन के शिक्षा हेतु आवाज कौन उठाएगा?

किसी भी देश को विकसित बनाने में शिक्षा का एक महत्वपूर्ण योगदान होता है। वही जीवन में सफलता प्राप्त करने और कुछ अलग करने के लिए शिक्षा सभी के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण साधन है। शिक्षा एक माध्यम है, एक हथियार है, खुद के अंदर के वास्तविक शक्ति को पहचानने के लिए। यह हमें जीवन के कठिन समय में चुनौतियों से सामना करने में सहायता करती है। शहरों में शिक्षा प्राप्त कर पाना आसान है, लेकिन क्या आपने ग्रामीण क्षेत्रों की उन नन्हीं बेटियों का सोचा है, जो कम उम्र में ही शिक्षा से वंचित कर दी जाती हैं। खासकर वह समुदाय जो आजादी से पहले भी शोषित होते थे और आज भी उसी कगार पर है। कहने को तो हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे है लेकिन आज भी अंतिम जन हाशिए पर है। आखिर इनके शिक्षा के लिए कौन आवाज उठाएगा?

समाज के लोग इतने स्वार्थी होते जा रहे है कि खुद के प्रगति के अलावा किसी की भी प्रगति देखना नहीं चाहते है।देशभक्ति के नाम पर युवाओं का राजनीतिक शोषण हो रहा है। राजनेता कभी नहीं चाहता कि उसकी जनता शिक्षित, समझदार और बुद्धिमान बने। हमेशा वो अपने जनता को बेवकूफ बनाकर रखना चाहता है ताकि सदियों तक राज-सत्ता का सुख भोग सके। गांधीजी का जीवन चरित्र प्रेरणादायक है। इनके द्वारा लिखित आत्मकथा हर एक युवा को पढ़ना चाहिए और उन्होंने जो अंतिम जन के लिए रचनात्मक कदम बढ़ाए, उसे धरातल पर उतारने में युवाओं को अपनी वास्तविक शक्ति लगा देनी चाहिए। गाँव-देहात में युवाओं के नेतृत्व कौशल की सख्त जरूरत है। भारत की आत्मा गाँव में बसती है और हमारा गाँव आज भी अशिक्षा रूपी दंश को झेल रहा है। जिनके पास संसाधन है वो तो अपने बच्चों को शहर के अच्छे स्कूल में पढ़ा रहे है लेकिन उनका क्या होगा जो सिर्फ शाम के खाने की व्यवस्था कर पाते है। किसी भी दलित बस्ती में चले जाए, वहाँ मुश्किल से कोई 10 वीं पास मिलेगा। 75 वर्षों में हम अपने लोगों को शिक्षित नहीं कर पा रहे है तो युवाओं को सोचना चाहिए और आगे आकर देश का नेतृत्व की बागडोर अपने हाथ में लेना चाहिए और राष्ट्र-निर्माण में अपनी योगदान देनी चाहिए।

Munna Kumar

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

**सकारात्मक प्रसार से ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और सफलता की तरफ अग्रसर होकर सफलता की सबसे उच्ची शिखर छूँ पाएंगे। ख्वाब फाउंडेशन से जुड़े और अपने अंदर के सकारात्मक ऊर्जा को मौका दें ताकि समाज में सकारात्मक परिवर्तन में अहम योगदान हो सके।**


## मोतिहारी विधानसभा के दलित बस्ती में चला शैक्षणिक जागृति अभियान ...

ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार ने अंतिम जन में शैक्षणिक उदासीनता को लेकर जहां सरकार को घेरा वही आम जनता को जागरूक किया।

जैसा जनप्रतिनिधि चुनेंगे वैसा ही वह काम करेगा। मोतिहारी विधानसभा में 20 साल से सत्ता में रह रहे विधायक प्रमोद कुमार और सांसद राधमोहन सिंह इस क्षेत्र में एक बार भी कदम नहीं रखे और न ही कभी इनकी खबर ली है। विधायक काम करे या नही करे ,सांसद कभी नजर आए न आए, अपना काम शुरू। अगले 10 वर्षो का प्लान जिसमें एक भी बच्चा अनपढ़ नही रहेगा। हर बस्ती में हैप्पी स्कूल का संचालन शुरू होगी।।

बतरौलिया गांव के इस बस्ती में एक और हैप्पी स्कूल की शुरूआत बहुत जल्द। शाम से रात तक बच्चों और उसके अभिभावक से व्यक्तिगत रूप से घर पर जाकर मिलते हुए। सबका काफी सहयोग,समर्थन और सहभागिता मिला । 11 सदस्यों का एक सशक्त कमिटी का निर्माण किया गया जो उस बस्ती के हर एक बच्चे को हैप्पी स्कूल में पढ़ने हेतु भेजने और प्रेरित करने का कार्य करेगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युवातुर्क Bharat Bhushan Azad ji का अहम योगदान ।






(जुनून)01 सितंबर 2023

### वक्ताओं ने शानदार तरीके से किया जागरूक ...

नियत साफ हो और कुछ करना चाहते हो तो रूकावटे आना स्वाभाविक है। राजनीतिक नेता अथवा सामंतवादी सोच वाला व्यक्ति कभी नही चाहेगा कि अंतिम जन पढ़ाई करे और संविधान प्रदत्त अपने अधिकारों को जाने। खैर, एक प्रयास है कि मोतिहारी विधानसभा के सभी दलित बस्ती में शिक्षा की लौ जलाया जाए।

इस शैक्षणिक यात्रा में अंबेडकर जनकल्याण संस्थान के सचिव श्री Bharat Bhushan Azad जी अपने ओजस्वी भाषण से आज के राजनीतिक षडयंत्र का पर्दाफांस करते हुए आम जनता को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने हेतु आह्वान किया। वही युवा Anand Vihar ने नेताओं द्वारा खुलेआम लूट का असली कारण जनता की कमजोरी बताया। जनता जब जग जाएगी तो किसी की हिम्मत नही कि वो कोई गलत काम कर सके।वही जीतन पासवान ने संविधान की महता पर जोर दिया।युवा इम्तियाज आलम ने सरकारी शिक्षा की उदासीनता और उपाय पर चर्चा किए। प्रसिद्ध शिक्षाविद ,कवि, लेखक Satyadeo Prasad शिक्षक ने शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा कर सबको शिक्षा के प्रति जागरूक होने हेतु जागरूक किया। अंत में शिक्षाविद हरिकिशोर सर ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए शिक्षा को असल संपति बताया। एक शानदार सफल कार्यक्रम के लिए पूरे टीम को आभार।




(जुनून)01 सितंबर 2023

**आप अपने पंचायत/गाँव/मुहल्ला में शैक्षणिक जागृति हेतु ख्वाब फाउंडेशन ऑफिस से जानकारी ले सकते है । आप जो भी काम कर रहे हो लेकिन अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपने आस-पास के बच्चों को पढ़ने हेतु प्रेरित करते रहे।**

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## Orientation Class of BCA 1St sem (2023-2026) ,LND College, Motihari, Bihar, India.

Awesome students, Awesome Class.
Most welcome dear students in the amazing class of computer science. let's start our amazing journey to make the future bright. Thanks to Coordinator Dr Pinaki Laha , Director Dr. Arun Kumar, Dr Durgesh sir ,Dr Subodh sir ,Dr Parmanand sir , Pro. Munna Kumar, Prabhat sir ,Miss Anubha for your contribution and interaction with students.
congratulations all. be happy.



(जुनून)01 सितंबर 2023

### What is BCA?

The BCA course, which stands for **Bachelor of Computer Applications**, is an undergraduate degree program that focuses on technology and computer applications. Spanning three years, this course equips students with the knowledge and skills required to excel in the field of computer science.

- *Students need a 12th-level qualification in the field of science or Mathematics as the main subject with at least 40% marks.*
- *The selection for the BCA course is either done through merit scores or admission tests conducted at University or national levels.*
- *CUET UG, KIITEE, CET, etc are the popular entrance test for BCA courses.*
- *There are many colleges in India from which a BCA degree can be pursued with a cost range of INR 20,000 to INR 30,000 per annum.*
- *The syllabus of BCA is entirely composed of programming and networking. Some subjects in the BCA curriculum are computer networks, data structure, operating systems, hardware lab, client-server computing, UML, OOAD, etc.*
- *One can study MBA in Information Management and MCA after completing BCA and MTech after MCA.*

## सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी द्वारा सफल संगोष्ठी का आयोजन .



संगोष्ठी :- "गिरता भूजल -स्तर: गंभीर चुनौती में विशिष्ट" अतिथि डॉ राकेश रंजन, प्राध्यापक (एलएनडी कॉलेज, मोतिहारी) को सम्मानित कर स्वागत करते हुए आपका मुन्ना भाई ...
स्थान : होटल विजडम ,बलुआ , मोतिहारी




(जुनून)03 सितंबर 2023

संगोष्ठी में विभिन्न संगठन के पदाधिकारी,कृषि वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे जो जन-जागृति के माध्यम से जागरूकता पैदा करने का कार्य करेंगे।

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## "दी ग्रेट सम्राट अशोक चिंतन शिविर" में शामिल होते ख्वाब फाउंडेशन परिवार

श्री जगदेव बाबू के पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय एकता परिषद द्वारा आयोजित "दी ग्रेट सम्राट अशोक चिंतन शिविर" की सफलता पर पूरे आयोजक टीम को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां। कार्यक्रम में ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार, अध्यक्ष अमित कुशवाहा, जीतन पासवान के साथ दर्जनों युवा साथी शामिल हुए।

जगदेव बाबू ने बहुजन को जगा कर शहीद हो गए जो एक महान त्याग है। फिर भी आज अधिकतर बहुजन खुद में फंसे है और एक दूसरे को बढ़ने नही दे रहा। शैक्षणिक रूप से मजबूत होने की जरूरत तभी संविधान और अपनी वास्तविक अधिकार को समझ पाएंगे। एक शानदार कदम । अगले कदम हेतु हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां। राजनीति के क्षेत्र में बहुजनों को सफलता मिले और अंतिम जन के लिए कुछ कर पाए।। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री रविन्द्र सिंह कुशवाहा, श्री दुर्गेश नारायण सिंह, डॉ एसपी सिंह , ललन सिन्हा, अध्यक्ष शिक्षाविद मदन प्रसाद कुशवाहा आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विशेष आभार , नीरज शाक्य,ओमकार , ई अंकित

स्थान - बापू सभागार, मोतिहारी












(जुनून)05 सितंबर 2023


## बाबू जगदेव प्रसाद: 'पहली पीढ़ी के लोग मारे जाएंगे, दूसरी के जेल जाएंगे और तीसरी पीढ़ी राज करेगी'

मोतिहारी विधानसभा के ढेकहां पंचायत के बतरौलिया में आयोजित शहीद जगदेव बाबू के पुण्यतिथि में शामिल होते मुन्ना भाई ...

अंबडेकर जनकल्याण संस्थान द्वारा आयोजित बहुजनों के आवाज रहे शहीद जगदेव बाबू के पुण्यतिथि में बहुजनो के बुलंद आवाज बनने का युवाओं ने संकल्प लिया। बुलंद आवाज हेतु शैक्षणिक रूप से मजबूत होने की बात कही तो सभी ने जगदेव बाबू के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर संकल्प लिए। समारोह के माध्यम से अपने महान पूर्वजों को याद कर खुद के कर्मशक्ति को बढाते रहना चाहिए। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष विजय कुमार साहू, सचिव भारत भूषण आजाद , महान अंबडेकरवादी डॉ कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, युवा आनंद विहार, डॉ मनीष सिंह ,ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार आदि शामिल हुए।














### कौन है बाबू जगदेव प्रसाद ?

सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष करने वाले बाबू जगदेव प्रसाद का जन्म बिहार के अरवल जिला के कुरहारी (कुर्था) ग्राम में 2 फरवरी 1922 को एक पिछड़ा परिवार में हुआ था. उन दिनों बिहार में 'पचकठिया प्रथा' का चलन था, जिसके तहत जमींदार का हाथी प्रत्येक किसान के खेत में जबरन पांच कट्ठा धान चरता था. इसी प्रथा के तहत एक दिन स्थानीय जमींदार का हाथी जगदेव प्रसाद के खेत में धान चरने गया तो उन्होंने अपने कुछ साथियों को लेकर हाथी एवं महावत पर हमला बोल दिया. बाध्य होकर महावत को हाथी लेकर वापस लौटना पड़ा. इस तरह उन्होंने इस प्रथा के खिलाफ अपना पहला विद्रोह दर्ज कराया. 1950 में पटना विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एमए करने के बाद जगदेव बाबू ने सचिवालय में कुछ समय नौकरी की, जिसके बाद उन्होंने गया के एक हाईस्कूल में पढ़ाना शुरू किया. उन्हीं दिनों उन्होने डोला प्रथा, जिसके तहत पिछड़ी और दलित जाति की नवविवाहिता को अपनी पहली रात इलाके के जमींदार के साथ गुजारनी पड़ रही थी, के खिलाफ लोगों को एकजुट कर लड़ने को प्रेरित किया. बाद में, वे सोशलिस्ट पार्टी पार्टी में शामिल हो गए. 5 सितंबर 1974 को जहानाबाद में कांग्रेस सरकार के खिलाफ कर रहे सत्याग्रह के दौरान कथित ऊंची जाति के एक प्रशासनिक अधिकारी ने जगदेव बाबू को गोली मारकर हत्या कर दी.बाबू जगदेव प्रसाद को 'बिहार का लेनिन' कहा जाता है.

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## Happy Teacher's Day Celebration at Khwab Foundation office ,Motihari Bihar India.

हमेशा की तरह सबसे अंत में लेकिन शानदार ,जबरदस्त और जिंदाबाद वाला समारोह । बच्चों के श्रद्धा और स्नेह का दिल से आभार। ख्वाब फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुशवाहा , मनीषा जैसवाल, कंचन गुप्ता ,श्वेता कुमारी, संतोष पंडित, गोलू पंडित, विवेक कुमार आदि उपस्थित होकर शिक्षक दिवस मनाया। सभी बच्चों को दिल से आभार। ख्वाब फाउंडेशन लगातार 12 वर्षों से शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा मुहैया करा रही है जिसमें ख्वाब फाउंडेशन परिवार के सदस्यों का अहम योगदान है।










(जुनून)05 सितंबर 2023

### बच्चे ही देश का भविष्य है और इन्हे सँवारने की जिम्मेदारी हमारी है।

मोतिहारी विधानसभा के ढेकहां बाजार एक शिक्षा का हब बन चुका है जहां युवा से लेकर सेवानिवृत शिक्षक अपनी सेवा प्रदान कर रहे है।बहुत ही कम समय में मोतिहारी शहर एवं ढेकहां में सफलता का परचम लहराने वाले युवा शिक्षक नीरज कुशवाहा को हार्दिक शुभकामनाएं। नीरज जी के कोचिंग में शिक्षक उपहार से सम्मानित होते हुए आपका मुन्ना भाई।सम्मानित कवि ,लेखक श्री सत्यदेव प्रसाद शिक्षक जी और नीरज जी को दिल से आभार।
एक यादगार पल।



### शिक्षक दिवस क्यूँ मनाते है?

राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों के योगदान को स्वीकार करने और उनको सम्मान देने के लिए ही शिक्षक दिवस मनाया जाता है। एक रोचक बात यह है कि गुरु शिष्य परंपरा के लिए विख्यात इस देश में सबसे पहले शिक्षक दिवस वर्ष 1962 में मनाया गया था। साल 1962 में पहले शिक्षक दिवस समारोह के बाद से यह दिन एक राष्ट्रीय परंपरा के रूप में विकसित हो गया। इस दिन कई स्कूलों और संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं और छात्र इसे मनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हैं।


भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल 5 सितंबर को भारत में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। वह एक दार्शनिक, शिक्षाविद और राजनेता थे जिन्हें भारत के अब तक के सबसे महान शिक्षकों में से एक माना जाता है।


डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा के प्रबल समर्थक थे और उनका मानना था कि शिक्षक किसी राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका मानना था कि शिक्षकों को सम्मानित करने का सबसे अच्छा तरीका समाज में उनके योगदान का जश्न मनाना है। शिक्षा में उनके योगदान को पहचानने और उनके सम्मान में, भारत सरकार ने 5 सितंबर को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में घोषित किया।

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## Teacher's Day Celebration at Dept of BCA,LND College, Motihari, Bihar, India.

प्यारे छात्रों द्वारा एक सुंदर आयोजन। शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को अपार सम्मान मिला। यह आयोजन से बच्चों में टीम वर्क करने से लेकर लीडरशिप स्किल का गुण विकसित हुआ और जिंदगी में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास बढ़ा।
कार्यक्रम में केक कटिंग के साथ उद्घाटन हुआ ,फिर उद्बोधन, शिक्षकों को सुंदर उपहार से सम्मान और जलपान।
कॉलेज के बर्सर ,पूर्व BCA कॉर्डिनेटर डॉ सर्वेश दुबे, लेखक व् वक्ता प्रो डॉ अरुण मिश्रा ,शिक्षक साथी प्रो प्रभात कुमार, प्रो रामकुमार सिंह , मिस अनुभा ने संबोधन से बच्चों को मोटिवेशन के साथ शुभकामना प्रेषित किए। कुछ बच्चों ने भी अपने उदगार प्रकट किए।
एक शानदार आयोजन के लिए बीसीए के सभी प्यारे छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां।







(जुनून)05 सितंबर 2023

## बच्चे ही देश का भविष्य है और इन्हे सँवारने की जिम्मेदारी हमारी है।

ढेकहां बाजार पर युवा शिक्षाविद् श्री संतोष बाबू द्वारा संचालित कोचिंग में बच्चों द्वारा आयोजित शानदार शिक्षक दिवस में शामिल होते हुए आपका मुन्ना भाई ...बच्चों के असीम प्यार ,स्नेह और बधाई हेतु हार्दिक आभार। वही ढेकहाँ के ही युवा एवं प्रतिभाशाली शिक्षक श्री नीतेश बाबू द्वारा संचालित कोचिंग के प्यारे बच्चों द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में उपस्थित ...ढेकहां पंचायत शिक्षा का हब बन चुका है जिसमें ऐसे युवा शिक्षक का एक अहम योगदान है। बच्चों के श्रद्धा हो और मुन्ना भाई नही पहुंचे ,कैसे संभव है।बच्चों के असीम प्यार, स्नेह और श्रद्धा ने मुन्ना भाई को खींच लाया। एक शानदार आयोजन बच्चों। बच्चों के किसी भी कार्यक्रम में मुन्ना भाई जाने से मना नहीं करते। बच्चे ही देश का भविष्य है और इन्हे सँवारने की जिम्मेदारी हमारी है।





# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## युवाओं के उचित मार्गदर्शन हेतु बैठक

आज युवा अपने उचित लक्ष्य के अभाव में भटक जा रहे है। यह युवा संसाधन की बर्बादी है जिस पर समाज के सक्रिय लोगों को आगे आना चाहिए। युवाओं को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रुप से जागरूक करके के उद्देश्य से डॉ मुन्ना सिंह ,डॉ जितेंद्र कुशवाहा, डॉ अतुल के साथ ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार की बैठक सम्पन्न हुई। युवाओं को लेकर आगे एक बैठक और उसके रूपरेखा पर चर्चा हुई।




(जुनून)07 सितंबर 2023

## कैरियर को स्पीड देने के लिए बेहतर कम्युनिकेशन स्किल जरूरी

अपने जिंदगी में सफल होने के लिए Communication Skill होना बहुत ही जरूरी है। चाहे व्यापार हो अथवा राजनीति अथवा सामाजिक सफलता ,इसमें यह स्किल एक अद्भुत योगदान करती है। इसकी शुरुआत खुद के परिचय से होना चाहिए। कम्युनिकेशन स्किल आपकी पर्सनेलिटी का ही हिस्सा है, इसलिए अपनी पर्सनालिटी को इंप्रूव करने के लिए आपको अपनी कम्यूनिकेशन स्किल भी बेहतर करनी होगी।

1. **बॉडी लैंग्वेज सही रखें**
2. **दूसरों की बातें ध्यान से सुनें**
3. **सही शब्दों का प्रयोग करें**
4. **रोज प्रैक्टिस करें**
5. **आई कांटेक्ट रखें**
6. **कॉफिडेंट रहें**
7. **विषय की बेहतर जानकारी हो**
8. **मन में किसी भी तरह का भय न हो।**











(जुनून)09 सितंबर 2023

## मोतिहारी विधानसभा के कटहां पंचायत के विभिन्न वार्डों में "शैक्षणिक जागृति अभियान" को लेकर दौरा ...

देश के आजादी से पहले और 75 साल बाद भी अगर कोई समाज शैक्षणिक और आर्थिक रूप से कमजोर है तो वो है SC/ST समाज। काफी दुख होता है कि समाज के सफल लोग समाज में लौटकर नहीं आते। सरकार अथवा जन प्रतिनिधियों के भरोसे रहे तो एक भी बच्चा नही पढ़ेगा अथवा बढ़ेगा।

इस समाज का विरले ही डॉक्टर,इंजीनियर, वकील ,प्रोफेसर ,पत्रकार , डीएम, एसपी मिलेगा । अरे यहां तो दसवीं भी पढ़ा-लिखा नही मिल पाया। जाति के नाम पर राजनीति करने वाले सिर्फ वोट मांगते है लेकिन इनके बच्चों को पढ़ाने को जिम्मेदारी नही।खैर, समय परिवर्तित होगा और एक नया मंजर और तस्वीर सामने आएगा। धैर्य के साथ माहौल बन रहा है।

ऐसे जगह पर ख्वाब फाउंडेशन द्वारा हैप्पी स्कूल का संचालन किया जा रहा है जिसमे आप भी अपनी योगदान दे सकते है। देश के भविष्य को सँवारने का एक शानदार कदम में आपकी योगदान अपेक्षित।











(जुनून)10 सितंबर 2023



# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## हिंदी दिवस और महिला सहभागिता के संदर्भ में कार्यक्रम

गांधी संग्रहालय ,मोतीहारी में हिंदी दिवस और महिला सहभागिता के संदर्भ में कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की सदस्य डॉ० नीतू कुमारी 'नूतन' को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री ब्रजकिशोर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार श्री अशोक शर्मा, मुन्ना जी (ख्वाब फाउंडेशन), श्री किरण राम, कपिल एकबाल (पत्रकार), डॉ० रंजना, डॉ० बबिता श्रीवास्तव, श्रीमती रानू कुमारी, ब्यूटी सिंह,श्री विनय सिंह, डॉ डिके तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के मंच-संचालक पीटीआई के वरिष्ठ पत्रकार और कलाकार संजय पाण्डेय जी थे! इस आयोजन में ऋतिक विराज पाण्डेय की मुख्य भूमिका थी।

**हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि हिन्दी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी।**



(जुनून)12 सितंबर 2023

## दांत रोग विशेषज्ञ डॉ जुनैद आलम से सुखद मुलाकात

मोतिहारी मेन में अवस्थित डेंटल क्लिनिक में डॉ जुनैद और ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार के बीच सामाजिक योगदान को लेकर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान ग्रामीण परिवेश में लोगों के दांत की समस्या के समाधान को लेकर मेडिकल कैम्प आयोजन हेतु बात हुई। हैप्पी स्कूल के बच्चों के जांच को लेकर चर्चा हुई। बताते चले कि डॉ साहब हैप्पी क्लब के सक्रिय सदस्य है और खुद स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते है और लोगों को भी जागरूक करते रहते है।



(जुनून)13 सितंबर 2023

## "Thank you Teachers" कार्यक्रम का आयोजन

बीसीए LND College, Motihari के अंतिम वर्ष के प्यारे छात्रों द्वारा "Thank you Teachers" कार्यक्रम का आयोजन

शिक्षक और छात्र का परिवार के बाद एक अलग रिश्ता होता है जिसमें शिक्षक एक अभिभावक का रोल निभाता है। जैसे घर में माता -पिता के हर बात को बच्चे नहीं मानते ठीक वैसे ही क्लास में छात्र शिक्षक के हर बात को माने ,ये जरूरी नहीं। माता -पिता और शिक्षक हमेशा बच्चों के भलाई के लिए ही समझाते है और समय-समय पर गलतियों पर डांटते है। बच्चे जब बड़े और सफल हो जाते है तो अपनी कृतज्ञता प्रकट करते है और सम्मान देते है।

अंतिम वर्ष के प्यारे छात्रों ने यह धन्यवाद ज्ञापन करके दिल जीत लिया। बच्चों ने केक के साथ खाने-पीने का भरपूर व्यवस्था किया जो अद्भुत रहा। बच्चों ने अपने पढ़ाई के दौरान के खट्टे-मिट्ठे अनुभव को अपने जूनियर से साझा किया। यह एक शानदार परंपरा है जिसमें शिक्षक के साथ सभी छात्र एक-दूसरे का कृत्यज्ञता प्रकट कर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। बच्चों के अंदर इंसानियत और कृतज्ञता का आभास होना एक शिक्षक के लिए गर्व का विषय है। शिक्षक हमेशा चाहता है कि उसका पढ़ाया हुआ बच्चा जिंदगी में सफल होकर नाम रौशन करें। बच्चे कि सफलता ही शिक्षक के मेहनत का असली परिणाम है। सब ऐसे ही आगे बढ़ते रहे और सफल होकर राष्ट्र-निर्माण में अपनी अहम योगदान करें।








(जुनून)15 सितंबर 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ


## छात्रों के बीच पाकिस्तान के मुल्तान के रहने वाली शांति के क्षेत्र में कार्य करने वाली Sehrish Naz से Live Talk

राजनीति ने भारत-पाकिस्तान के बीच इतना नफरत पैदा कर दिया है कि हर कोई एक-दूसरे को शक की दृष्टि से देखता है। बुराई के बीच अच्छाई भी है। भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट हो सकता है तो हम युवा शांति स्थापित करने के लिए पहल नही कर सकते। Life saver Organisation से सेहरीश नाज से काफी शानदार चर्चा- परिचर्चा हुई जिसमें क्रिकेट से लेकर सीमा हैदर की गैर कानूनी तरीके से भारत में आगमन। आतंकवाद से लेकर महंगाई और उसके निदान को लेकर चर्चा। कह सकते है कि दो मुल्क के युवा शांति स्थापित करने हेतु कितना प्रयास करते है, इसपर चिंतन और मनन की गई।आतंकवादी गतिविधि को लेकर पाकिस्तान के प्रति मेरे मन में भी गुस्सा और नफरत है लेकिन जब युवाओं से बात होती है तो लगता है कि वो लोग भी इन समस्याओं से परेशान है। आपसी बातचीत से ही भाईचारा और शांति कायम हो सकती है।

बच्चों ने कई सवाल भी किए जिसका उतर सेहरिश जी ने बड़े ही शालीनता से ज़बाब दी।

काफी अच्छा लगा बातचीत करके । बच्चों ने धन्यवाद और तालियों से स्वागत और हौसला अफजाई करते रहे।

जय जगत।







(जुनून)16 सितंबर 2023

## लापरवाही दूर करने के लिए समय -प्रबंधन जरूरी

Salesforce Developer Group, Motihari, India द्वारा आयोजित Motihari Meet Up में Time Management पर Motivational Talk करते हुए आपका मुन्ना भाई ...

सफल कार्यक्रम के लिए आईटी एक्सपर्ट, Salesforce MVP और Appycrown Pvt Ltd के सीईओ श्री Om Prakash जी और पूरे ऊर्जावान टीम को हार्दिक बधाई। समय-प्रबंधन से किसी भी कार्य को आसान किया जा सकता है और लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। जो ब्यस्त रहता है और समय प्रबंधन करता है उसके लिए हर कार्य के लिए समय है। बहानेबाज और समय व्यतीत करने वाले हमेशा व्यस्त होने का बहाना कर हर एक अवसर को चूक जाते है।

**"विद्वत्वं च नृपत्वं च न एव तुल्ये कदाचन्।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते॥"**








(जुनून)16 सितंबर 2023

कभी ये किताबों में पढ़े और आज यह हमारे जीवन में परिलक्षित हो रहा है। धन के जगह ज्ञान को महत्व दिया तो आज यह सम्मान मिल रहा है। Appycrown के CEO Shri ओम प्रकाश जी के द्वारा सम्मान पाते हुए। मौका था Motihari Meet Up में Time Management पर वक्तव्य देने का। एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन और डिजिटल दुनिया में अपनी जगह सुनिश्चित करने वाले छात्रों के साथ Motivational Talk. कार्यक्रम में ऊर्जावान युवाओं के साथ MS College के BCA के प्रो. रामकुमार सिंह उपस्थित रहे।एक यादगार और प्रेरणादाई पल।।



# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

### सकारात्मक कदम और नेतृत्व क्षमता को सम्मान देकर हौसला बढ़ाते हुए आपका मुन्ना भाई ...

BCA 1st Semester के छात्रों के अंदर पढ़ाई के प्रति रुचि,रोमांच और जिज्ञासा खूब रहता है। इंटर में सिर्फ ट्यूशन अथवा कोचिंग का दौरा करके BCA में कॉलेज क्लास करने का एक अलग ही आनंद मिलता है।

कुछ बच्चों में कुछ अच्छा और नया करने का एक अलग ही अंदाज और जोश रहता है। ऐसे ही कुछ युवा छात्र जो पहली बार क्लास में कॉलेज यूनिफॉर्म पहन कर आए ,उन्हें सम्मानित करके हौसला बढ़ाया गया। शांत स्वभाव की अनु श्रीवास्तव ने पहली बार क्लास में यूनिफॉर्म पहन कर आई जो एक सकारात्मक और नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करता है। इसके बाद आयुष और सौरव भी आने लगा। इन तीनों को इसके लिए अपने सफलता की कथा लिखने हेतु कलम और रिफ्रेशमेंट देकर हौसला बढ़ाया।

यह पल आने वाली अच्छे समय की एक यादगार पल बने और सफलता के शिखर तक पहुंच राष्ट्र सेवा करे।





(जुनून)16 सितंबर 2023

### जन्मदिन एक ऐतिहासिक दिन है और अपने महान कर्म से तारीख में बदले।

Wish you a very happy birthday dear student Shyam Kumar,BCA 1st sem, LND College, Motihari Bihar.पढ़ने में प्रतिभाशाली श्याम खुद साइबर कैफे संचालित करता है और रोजाना क्लास भी करता है। क्लास के अलावा भी सवाल करता है तो अच्छा लगता है कि बच्चे में पढ़ने और आगे बढ़ने की तीव्र जिज्ञासा है।खुद पर भरोसा के साथ पढ़ाई करते रहे , एकदिन सफलता जरूर प्राप्त होगी।BCA 1St sem का पहला जन्मदिन समारोह।

शानदार और यादगार पल।जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां।

दूसरे कोई जन्मदिन मनाएं इसके लिए अपने कर्म को महान बनाएं। जोश,जुनून और उत्साह से कार्य करते रहे और मेहनत में कोई कमी नहीं करते हुए अपने लक्ष्य को हासिल करें।



(जुनून)20 सितंबर 2023

### मृत्यु अटल सत्य

मोतिहारी विधानसभा के सिरसा गांव में पूर्व जिला परिषद प्रत्यासी श्री राजेश कुमार पासवान की के पिताजी के श्रद्धांजलि सभा में शामिल होते हुए ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार और साथ में है श्री राजेश पासवान, मनोज प्रसाद कुशवाहा, शिक्षक श्री शिव शंकर यादव । वकील करण कुशवाहा। पिताजी को नमन । दिवंगत आत्मा को शांति और मोक्ष प्रदान करें। इस दुःख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं ! दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि ! मेरी प्रार्थना आपके और आपके परिवार के साथ है !जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु निश्चित है। जब हमारे किसी करीबी की मृत्यु हो जाती है तो हमें बहुत दुःख होता है और हमें उसके साथ बिताये पल याद आने लगते हैं।



(जुनून)22 सितंबर 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## सकारात्मक कदम और नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु समुचित मार्गदर्शन व् प्रशिक्षण

Start-Up ,MSME, Company Registration , Team work , Communication skill , leadership Quality की शानदार ट्रेनिंग कराते ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार । बताते चले कि मुन्ना कुमार पिछले 12 वर्षों से कॉलेज में अपने सेवा प्रदान कर सैकड़ों युवाओं को सफलता के शिखर तक पहुंचा चुके है। BCA 1st sem, LND College Motihari के बच्चों को साप्ताहिक रचनात्मक कार्य । 5 दिन लगातार सिलेबस की पढ़ाई के बाद छठे दिन की शानदार क्लास ।



(जुनून)22 सितंबर 2023

## युवाओं के उचित मार्गदर्शन हेतु आयोजित युवा सम्मेलन में संबोधित करते आपका मुन्ना भाई ...

एक शानदार, जानदार और जबरदस्त सफल कार्यक्रम का आयोजन जिसमें समाज के सक्रिय युवाओं के साथ बुद्धिजीवी शामिल हुए। युवाओं के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक विकास को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा-परिचर्चा हुई। एक मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में उपस्थित सैकड़ों युवाओं को व्यक्तिगत प्रगति के साथ राष्ट्र-प्रगति हेतु प्रेरित किया गया। समाज के प्रगति हेतु समाज के युवाओं द्वारा एक अद्भुत पहल।सुंदर भविष्य की सपना साकार हेतु वर्तमान में सकारात्मक बीजारोपण होना जरूरी। यह सम्मेलन आने वाली सत्ता में जोरदार भागीदारी हेतु आरंभ है जो चंपारण से पाटलिपुत्र तक जाएगी।
युवा जागे ,देश आगे। जय युवा , तय युवा।















## मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन व् सम्मानित होते हुए आपका मुन्ना भाई ..

(जुनून)23 सितंबर 2023

NSS की स्थापना दिवस पर SNS College, Motihari में आयोजित कार्यक्रम और परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन व् सम्मानित होते हुए आपका मुन्ना भाई ...
कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को NSS जरूर जुड़ना चाहिए क्योंकि यह एक शानदार प्लेटफार्म है। यहां बच्चे को अपनी रचनात्मक विचार को धरातल पर उतारने और समाज-सेवा सीखने के लिए शानदार अवसर मिलता है। राष्ट्र-निर्माण में NSS की अहम योगदान है जहां बच्चे देश को नेतृत्व करने का स्किल सीखते है।।पूरे NSS team के साथ आदरणीय प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार ,NSS पदाधिकारी डॉ अमित सर , संजय सत्यार्थी , डॉ मनीष सर , विजय बाबू और NSS लीडर कफील आजाद को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां।



(जुनून)24 सितंबर 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## NSS क्या है और कैसे जुड़े?

NSS का संक्षिप्त नाम "National Service Scheme" होता है। जिसे हिंदी भाषा में "राष्ट्रीय सेवा योजना" कहा जाता है।NSS नामक यह कल्याणकारी योजना 11वीं एवम 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर, वहीं तकनीकी संस्थाओं के युवा विद्यार्थी,कॉलेज एवम ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रैजुएट छात्रों को यह विभिन्न सामाजिक क्रियाओं और कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका उपलब्ध करवाता है।

**How to Join NSS in Hindi:** अगर आप अभी स्कूल में अपनी पढ़ाई कर रहे हैं तो आप स्कूल स्तर से ही नेशनल सर्विस स्कीम में शामिल हो सकते हैं, वहीं अगर आप कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं तो आप कॉलेज लेवल पर राष्ट्रीय सर्विस योजना में शामिल हो सकते हैं।
नेशनल सर्विस स्कीम को ज्वाइन करने के लिए आपको सबसे पहले अपने कॉलेज में मौजूद नेशनल सर्विस स्कीम के हेड से मुलाकात करनी है


(जुनून)25 सितंबर 2023

स्थापना दिवस हर साल 24 सितंबर को पूरे भारत वर्ष में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास और चरित्र के निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के लिए उन्हें जागरूक करना है। आसान शब्दों में कहे तो, खेल मंत्रालय भारत सरकार राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत युवाओं के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम संचालित करती है। इस संगठन की स्थापना की बात आजादी पूर्व से दिवंगत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समय से चल रही थी, जिसे अंतिम रूप सन 1969 ई. में दिया गया।

## प्रज्ञा का सम्मान और हौसला आफ़ज़ाई

जिंदादिल व्यक्तिव के धनी SNS College, Motihari के वर्तमान प्राचार्य Dr Pradeep Kumar सर और बिहार मैट्रिक टॉपर प्रज्ञा के साथ एक यादगार पल...
आखिर गर्व क्यों नही हो जब आपका पढ़ाया हुआ बच्चा 10वीं बोर्ड में बिहार टॉपर बन जाए।पढ़ने में काफी मेहनती होने के साथ जिज्ञासु, प्रतिभाशाली और संस्कार से पूर्ण प्रिय शिष्या प्रज्ञा ने पहले सिम्मुलतल्ला में बिहार में प्रथम रही और 10 बोर्ड में द्वितीय बिहार टॉपर । सिमुअलतल्ला से जब भी छुट्टी होती,पूरी छुट्टी मुन्ना भाई के क्लास में बिताती। हर एक सवाल को विज्ञान की दृष्टि से देखना और फिर हल करना ,एक सफल व्यक्तिव की तरफ इशारा करता था और वो पल भी आया। प्रज्ञा आगे चलकर यूपीएससी की तैयारी कर राष्ट्र-सेवा करना चाहती है। सफलता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं और बधाइयां।
जब यह बात प्राचार्य सर को पता चला तो हौसला बढ़ाते हुए मिठाई खिलाएं और उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरणा और अपना अनुभव साझा किए।


(जुनून)25 सितंबर 2023

## छोटी-छोटी उपलब्धियों का उत्सव मनाना चाहिए ताकि बड़ी सफलता के लिए तैयार हो सके।

BCA 1st sem के दो छात्राओं द्वारा 100% उपस्थिति दर्ज की गई जिसे प्रोत्साहित करते हुए आपका मुन्ना भाई ..
कोई भी व्यक्ति छोटे शिखर पर सफलता प्राप्त किए बिना आगे नहीं बढ़ सकता! वास्तव में, ये छोटी-छोटी उपलब्धियाँ ही हैं जो वास्तव में स्मारकों की आधारशिला और निर्माण खंड हैं जिन्हें हम किसी व्यक्ति के जीवन में देखते हैं। बड़ी सफलता पाने वाले को छोटी-छोटी उपलब्धियों का उत्सव मनाना चाहिए ताकि बड़ी सफलता के लिए तैयार हो सके।
प्रिय छात्रा अंशु श्रीवास्तव और प्रेरणा भारती को इस शानदार उपलब्धि के लिए खूब-खूब बधाई. कुल 50 छात्रों में केवल 2 ही शत प्रतिशत उपस्थित रहा जो काबिलेतारीफ है।


(जुनून)26 सितंबर 2023

# सकारात्मक प्रसार-ख्वाब के साथ

## Happy School ,ढेकहाँ के बच्चों का शानदार प्रदर्शन



प्रतियोगिता में शामिल हैप्पी स्कूल एक बच्चे

ख्वाब फाउंडेशन द्वारा संचालित हैप्पी स्कूल ,चैनपुर ,ढेकहाँ के बच्चों ने जिला स्तरीय cycling प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय Cycling प्रतियोगिता में चयनित हुए। अब ये चयनित बच्चे राज्य में खेलेंगे। ढेकहाँ की धरती से पहली बार इस खेल में शामिल हुए बच्चे और विजेता बने। राजन कुमार और श्वेता ने धाकड़ प्रदर्शन करते हुए पूरे जिला से आए साइक्लिस्ट के टापर में शामिल हुए।

ख्वाब फाउंडेशन के द्वारा ग्रामीण प्रतिभा को प्रदर्शित करने का भरपूर अवसर दिया जाता है ताकि देश का भविष्य सँवर सके और उज्ज्वल बन सके। प्रतिभा को मौका देना भी एक शानदार देशसेवा है। आप भी अपने गाँव-पंचायत में Happy school खोल सकते है।

बताते चले कि तमाम बाधाओं के वावजूद हैप्पी स्कूल के संचालक आनंद कुमार ने बच्चों पर काफी मेहनत किए और उसका परिणाम बच्चों ने सफलता से दिया। आज भी गाँव ऐसे खेल में लड़कियों को भाग लेने नहीं दिया जाता लेकिन ख्वाब फाउंडेशन के टीम ने कर दिखाया।









# IGNITED MIND
# HAPPY SCHOOL








## Happy School कैसे खोले?

हैप्पी स्कूल एक ऐसा स्कूल है जहां बच्चे स्कूल के बाद पढ़ाई कर सकते है। अक्सर बच्चे स्कूल के बाद खेलकूद करते है और गाली-गलौज सीखते है और पढ़ाई से रुचि कम कर देते है। बस इस खेलने का समय को हैप्पी स्कूल के रूप में तब्दील करके बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई के प्रति रुचि जागृत की जाती है। शाम अथवा सुबह में बच्चों को पढ़ाया जाता है और उनके अंदर के प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जाता है।

आप भी अपने गाँव/मुहल्ला /बस्ती में Happy school का संचालन कर सकते है। इसके लिए आप ख्वाब फाउंडेशन ऑफिस से संपर्क कर सकते है। हैप्पी स्कूल खोलने की सारी प्रक्रिया आपको बताई जाएगी और फिर आप भी शिक्षादान के माध्यम से देश को मजबूत करने में अपना योगदान दे पाएंगे। शहर के किसी भी वार्ड में , आप वहाँ भी खोल सकते है और अपने आस-पास के बच्चों को पढ़ा सकते है।

## [जन्मदिन विशेष बनाएं]

- **अपने जन्मदिन पर Happy School के बच्चों के समुचित पढ़ाई हेतु आर्थिक योगदान दें ।**
- **बच्चों के बीच कलम,पेन, पेंसिल ,टॉफी आदि बितरित की जाएगी।**
- **अपने जन्मदिन पर एक पौधरोपण कर शेयर करें और दूसरे को प्रेरित करें।**
- **खासकर झुग्गी-झोपड़ियों के बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करें।**

# HAPPY CLUB

## Happy Club, Motihari की शानदार प्रस्तुति














**सुबह उठने के बाद मन में सकारात्मक विचार आया मतलब दिन हसीन और जिंदादिल होने वाला है।**
**सुबह में कोई भी काम करके पसीना निकालें फिर बीमारी दूर से सलाम करके भागा रहेगा बाकि आपकी मर्जी।**


### *Happy Club* की शुरुआत कैसे करें और क्या लाभ हो सकता है?

----------+---------

- जिंदगी में क्या चाहिए ,खुशी और संतुष्टि। लेकिन इसे पाने के लिए लोग पैसा के चक्कर में पड़े रहते है और खुशी और आत्मसंतुष्टि दोनों खो देते है। पैसा एक माध्यम है जीने के लिए ,मकसद नही होना चाहिए। इतना इनकम हो जाना चाहिए जिससे अपने मेंटेनेंस हो जाए और परिवार का भरण-पोषण कर पाए।
- आपका व्यक्तिगत, सामाजिक ,राजनीतिक और आर्थिक परिस्थिति जैसा भी हो ,सुबह में उठकर हरकत करे और खुश रहे। अपने जगह अपने परिवार अथवा अरोसी- पड़ोसी, मित्रगण के साथ Happy Club बनाएं और Positive Morning बनाएं। पैसा तो नही मिलेगा लेकिन पैसा बचाएगा। आपका तबियत खराब नही होने देगा , स्वथ्य,खुश और संतुष्ट बनाए रखेगा। है न फायदे वाली बात।
- खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है - इस कहावत का अर्थ है कि एक को देखकर दूसरा भी वैसी काम करता है । मतलब हिसका हिसकी।ग्रुप में दौड़,योग,प्राणायाम और व्यायाम करने से आसकत नही होता और देखा देखी काम को पूरा कर लेते है और पता भी नही चलता। फिर खुद के भलाई के लिए ऐसा कदम बढ़ाएं और आपके इस कदम से कुछ और लोगों का भी फायदा हो जायेगा। कर भला तो हो भला। बिना पैसा खर्च किए आप भलाई कर दिए इससे बेहतर और क्या हो सकता है।फिर खोलिए हैप्पी क्लब और खुशियां बांटिए।
- अगर कोई दिक्कत हो अथवा कोई जरूरत तो निश्चित ही आप बात करें। आपकी भरपूर सहयोग की जाएगी।।
- अपने हैप्पी क्लब का फोटो अथवा वीडियो जरूर शेयर करें।

# आपकी बारी

## 'जुनून ई-पत्रिका' पढ़ते हुए पाठकगण




अपने छात्रों के साथ डिजिटल बोर्ड पर 'जुनून ई-पत्रिका' पढ़ते हुए जुनून प्रेमी सुभाष कुमार सिंह जी। जो पेशे से एक शिक्षक हैं।




'जुनून ई-पत्रिका' अपने मोबाइल के स्क्रीन पर पढ़ने के उपरांत दिखाते हुए जुनून पाठक कृष्णा कुमार।





अपने लैपटॉप के स्क्रीन पर 'जुनून ई-पत्रिका' पढ़ने के उपरांत दिखाते हुए जुनून के पारिवारिक सदस्य राजा हिंदुस्तानी।




ये हैं टोनू सौम्या जी, जो पेशे से शिक्षक के साथ-साथ यूट्यूब पर 'Tonu Education' नाम का Educational Channel चलाते हैं। जिस पर आज 'जुनून ई-पत्रिका' को बहुत हीं बखुबी तरीके से विश्लेषण करके इसी चैनल पर अपलोड करते हुए सभी बंधुओं से इस पत्रिका को पढ़ने के लिए अपील भी किए। इनके जीवन का एक हीं मकसद है कि 'भारत का प्रत्येक बच्चा आत्मनिर्भर हो'।आप भी जरूर देखें।



'जुनून ई-पत्रिका' अपने मोबाइल में पढ़ते हुए रिजवान अंसारी जी, जो मोतीहारी के चैलाहां टाल के रहने वाले हैं। ये स्नातक द्वितीय खंड में पढ़ाई भी करते हैं।

'जुनून ई पत्रिका' पढ़ कर बहुत हीं अच्छा लगा। कलाम यूथ क्लब, कष्टमेव जयते, कलामवाद ... सभी जन के लिए काफी प्रेरणादायक हैं! आप भी इसे अवश्य पढ़ें। - प्रज्ञा





सांत्वना सरगम

मौर्य निखिल



**आप भी पत्रिका को पढ़ते हुए अपना फोटो, विचार और सलाह शेयर करें ,अगले अंक में इसका प्रकाशन भी होगा।**



# कष्टमेव जयते

व्यक्ति के जीवन का शाश्वत सत्य है मृत्यु वैसे ही सफलता के शिखर पर पहुँचने वाले व्यक्ति के जीवन में कष्ट आना निश्चित है। इस कष्ट से कोई मजबूत होता है तो कोई टूट कर बिखर जाता है । जो मजबूत हुआ इतिहास रचा जो टूटा उसका अस्तित्व खत्म हुआ। फैसला आपको करना है कि टूटना है मजबूत होना है। यह आलेख आपको अपने कष्ट पर विजय पाने और सफल होने के तरीके और प्रेरणा प्रदान करेगा।

## सपने मरने नहीं दें, हर एक कष्ट आपके सपनों को पाने हेतु मजबूत करता है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र से विदेश की धरती पर विश्व के युवाओं नेताओ में नाम शामिल होना एक बड़ी उपलब्धि से कम नहीं। ख्वाब फाउंडेशन के चेयरमैन मुन्ना कुमार दर्जनों देश की यात्रा कर अपने देश का प्रतिनिधित्व कर चुके है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र पकड़ी दयाल के सिरहा गाँव से निकलकर मालदीव जैसे देश में अपनी एक अलग छाप छोड़ना आसान नहीं। 30 देश के युवा प्रतिनिधियों के बीच बेस्ट कन्ट्री लीडर का अवॉर्ड मिलना एक साधारण युवा के लिए बड़ी उपलब्धि से कम नहीं। सबसे बड़ी बात कि एक दुरस्त गाँव से निकलकर विदेश जाना और वहाँ अपने कार्यों और प्रतिभा से जगह बनाया।



Selected among "The best country leaders"(Among 30 country) at GLOBAL YOUTH PEACE AMBASSADOR Program by Rafy with Ministry of Youth Sports & community Empowerment at Maldives National University, Maldives.

यह उपलब्धि कष्ट से विजय पाकर मिला है। बिना संसाधन के पढ़ाई करना काफी मुश्किल है लेकिन ऋण लेकर आगे बढ़ना आज के युवाओं के लिए एक सबक हो सकता है। समस्या सिर्फ घटना है जो समय के साथ खत्म हो जाता है। इस घटना में कोई टूटता है तो कोई मजबूत होता है। आगे बढ़ने और इतिहास रचने वाले मजबूत होकर बड़ी समस्याओं से लड़ने के लिए तैयार होते है। आप भी कष्ट को नष्ट करते हुए आगे बढ़ते रहे, एक दिन दुनिया सलाम करेगी।



**खुद को सकारात्मक रखने के लिए मुन्ना भाई के youTube चैनल: Motivational Speaker Munna Bhai Subscribe करें।**



# कलामवाद

**विश्व में बहुत सारे वाद आए समाजवाद,पूंजीवाद ,मार्क्सवाद ,लेलीनवाद ,गाँधीवाद आदि आदि लेकिन डॉ *APJ Abdul Kalam* ने युवाओं और बच्चों के लिए जिस तरह से काम किया ,एक वाद से कम नहीं । अगर इसे कलामवाद कहे तो अतिशयोक्ति नहीं होना चाहिए । किसी भी देश की युवा एक राष्ट्रीय संपदा है और इसका समुचित दिशा-निर्देश के साथ सँवारना जरूरी है ताकि कोई भी राष्ट्र सम्पन्न हो सके। डॉ कलाम ने इस दिशा में अद्भुत कार्य किया है ।**



**खुश रहने का बस एक ही मंत्र है, " उम्मीद बस ख़ुद से रखो",किसी और इंसान से नहीं .**

## खुश या दु:खी रहना ,खुद के हाथ

निर्भर मुर्दादिल रहा करते है जिंदादिल नहीं। कभी-कभी आप भी जिंदगी में दूसरे पर निर्भर होकर अपमान के साथ दु:ख झेलते होंगे, है कि नहीं? इस परिस्थिति में इसका सारा दोष हम सामने वाला पर डाल देते है। यह कभी नहीं सोचते अथवा कहते कि गलती मेरी है कि मैं खुद दूसरे पर निर्भर हो गया था। एक राज की बात बताता हूँ कि दूसरे को खूब मौका दीजिए लेकिन खुद पर भरोसा रखिए कि अगर वो नहीं करता है तो खुद पूरा करूंगा। अगर ऐसा विकल्प नहीं रखते है तो दु:खी होना स्वाभाविक है । देखिए खुद पर निर्भर रहने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि खुद के अंदर आत्मविश्वास पैदा हो जाता है और किसी भी काम को पूरा करने का संकल्पशक्ति विकसित होता है।

दुनिया को दोष देने से बेहतर है कि खुद के अंदर सकारात्मक विचार के साथ अपना कौशल विकसित करें। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि जिंदगी में निर्भरता को कम करके अपनी खुशियां को बढ़ाएंगे।

**-मुन्ना कुमार**

# अपील







आपके द्वारा दिए डोनैशन मानवता की रक्षा हेतु एक शानदार कदम होगी।
आप डोनेट करके income tax में लाभ ले सकते है ।



## इतिहास के पन्नों में











## इतिहास के पन्नों में

**एक नेता उम्मीदों का एक व्यापारी है जो हमेशा आगे बढ़ते रहता है और दूसरो के लिए उम्मीद जगाता है.**

**Selected among "The best country leaders"(Among 30 country) at GLOBAL YOUTH PEACE AMBASSADOR Program by Rafy with Ministry of Youth Sports & community Empowerment at Maldives National University, Maldives.**




















# जुनून-JUNOON

Official news letter of khwab Foundation,India

## Editorial Team

Editor-in-chief- Dr Vinod Kumar Singh
Managing Editor-Mr. Munna Kumar
Associate Editor- Shri Satyadev Prasad Kushwaha
Assistant Editor- Ms. Jyanti Sinha
Senior Editor- TY Sahab sahodar
News Editor- Mr. Golu Kumar
Design Editor- Miss Manisha Jaiswal
Academic Editor- Mr. Nitish Kumar & Mr. Vinay Kumar
Photograps Editor- Mr. Sunny Shekhar

